## अध्याय – 3 | अपवाह

**QUIZ PART-01**

**1. भारत की नदियों को मुख्यतः कितने समूहों में विभाजित किया गया है?**

A. 2
B. 3
C. 4
D. 5 (A)

*व्याख्या :* भारत की नदियों को दो प्रमुख समूहों में बाँटा गया है – हिमालयी नदियाँ और प्रायद्वीपीय नदियाँ।

**2. हिमालयी नदियाँ वर्षभर जल से परिपूर्ण क्यों रहती हैं?**

A. केवल मानसूनी वर्षा से
B. केवल झरनों से
C. वर्षा और हिमपात दोनों से
D. केवल भूजल से (C)

*व्याख्या :* हिमालयी नदियों का जलस्रोत वर्षा और ऊँचे पहाड़ों पर होने वाला हिमपात दोनों होते हैं, इसलिए ये बारहमासी होती हैं।

**3. भारत का सबसे बड़ा नदी बेसिन कौन-सा है?**

A. ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन
B. सिंधु नदी बेसिन
C. गंगा नदी बेसिन
D. गोदावरी नदी बेसिन (C)

*व्याख्या :* भारत का सबसे बड़ा नदी बेसिन गंगा नदी बेसिन है।

**4. विश्व का सबसे बड़ा नदी बेसिन कौन-सा है?**

A. अमेज़न नदी बेसिन
B. नील नदी बेसिन
C. मिसीसिपी नदी बेसिन
D. गंगा नदी बेसिन (A)

*व्याख्या :* विश्व का सबसे बड़ा अपवाह बेसिन अमेज़न नदी बेसिन है।

**5. नदी तंत्र द्वारा जिस क्षेत्र का जल प्रवाहित होता है उसे क्या कहते हैं?**

A. जल विभाजक
B. अपवाह द्रोणी
C. गोखुर झील
D. डेल्टा (B)

*व्याख्या :* नदी तंत्र द्वारा जिस क्षेत्र का जल प्रवाहित होता है उसे अपवाह द्रोणी कहा जाता है।

**6. जल विभाजक किसे कहते हैं?**

A. नदियों का संगम
B. कोई भी ऊँचा क्षेत्र जो दो नदी बेसिनों को अलग करे
C. नदियों की घाटी
D. बाढ़ का मैदान (B)

*व्याख्या :* जल विभाजक वह ऊँचा क्षेत्र होता है जो दो जल निकासी बेसिनों को अलग करता है।

**7. हिमालयी नदियाँ सामान्यतः किस दिशा की ओर प्रवाहित होती हैं?**

A. पश्चिम की ओर
B. पूर्व की ओर
C. उत्तर की ओर
D. दक्षिण की ओर (D)

*व्याख्या :* हिमालयी नदियाँ उत्तर से निकलकर सामान्यतः दक्षिण की ओर सागर की ओर प्रवाहित होती हैं।

**8. प्रायद्वीपीय नदियों की प्रवाह व्यवस्था किस पर निर्भर करती है?**

A. हिमनदों पर
B. मानसूनी वर्षा पर
C. समुद्र की ज्वार-भाटा पर
D. भूजल स्रोतों पर (B)

*व्याख्या :* प्रायद्वीपीय नदियों का प्रवाह मुख्यतः मानसूनी वर्षा पर निर्भर करता है, इसलिए ये मौसमी होती हैं।

**9. अधिकांश प्रायद्वीपीय नदियाँ किस दिशा में बहती हैं?**

A. उत्तर की ओर
B. दक्षिण की ओर
C. पश्चिम की ओर
D. पूर्व की ओर (D)

*व्याख्या :* अधिकांश प्रायद्वीपीय नदियाँ पश्चिमी घाट से निकलकर पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी में मिलती हैं।

**10. भारत की कौन-सी नदी प्रणाली पश्चिम की ओर अरब सागर में गिरती है?**

A. गंगा
B. नर्मदा
C. ब्रह्मपुत्र
D. महानदी (B)

*व्याख्या :* नर्मदा नदी पश्चिम की ओर बहकर अरब सागर में गिरती है।

DESH KA APNA SCHOOL